# SWAVLAMBAN FOUNDATION

# Activity 2021 To 2021

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मानसिक रुप से विमदिंत दिव्यांगजनों के लिए कोविड वैक्सीन शिविर का आयोजन। | 31 May 2021 | Pali | 93 | Object 2, 6 & 8 |
| स्पीच थैरेपी शिविर में ऑटिज्म, सेरबल पल्सी सहित हकलाने वालों को निशुल्क परामर्श। | 4 July 2021 | Pali | 31 | Object 6,7 & 8 |
| मानसिक रुप से विमदिंत दिव्यांगजनों के लिए कोविड वैक्सीन शिविर का आयोजन। | 29 July 2021 | Pali | 101 | Object 6,7 & 8 |
| दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राई–साईकिल वितरण हेतु शिविर का आयोजन। | 7 Aug. 2021 | Jaitpura | 31 | Object 2, 6 & 8 |
| निःशुल्क सेसर कृत्रिम हाथ हेतु शिविर का आयोजन। | 25 Sept. 2021 | Pali | 6 | Object 6,7 & 8 |
| निशुल्क होमियोपेथी शिविर का आयोजन। | 10 Oct. 2021 | Pali | 67 | Object 7 |
| ऑटिज्म, सेरबल पल्सी दिव्यांगता वाले बच्चों को खिलौनो का वितरण। | 9 Dec. 2021 | Rohat | 55 | Object 2, 6 & 8 |
| दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राई–साईकिल वितरण हेतु शिविर का आयोजन। | 10 Feb. 2022 | Pali | 11 | Object 2, 6 & 8 |
| ऑटिज्म, सेरबल पल्सी, डाउन सिड्रोम सहित मानसिक रुप से कमजोर बच्चों के लिए विशेष विघालय का संचालन। | 2 March 2022 (Mangment) | Pali | 12 (Present) | Object 2, 6 & 8 |

# शिविर में स्पीच से जुड़ी समस्याओं का मिला समाधान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**पाली**. स्वावलम्बन फाउंडेशन के तत्वावधान में हरिलाल शांतिकंवर बाफना फाउंडेशन के सहयोग से हकलाने, तुतलाने समेत अन्य स्पीच से जुड़ी समस्याओं के लिए मूल्यांकन एवं मार्गदर्शन शिविर का निःशुल्क आयोजन रविवार को राजकीय बांगड़ विद्यालय में किया गया। इसमें शहरवासियों का उत्साह देखते ही बन पड़ा।

फाउंडेशन के वैभव सोनी ने बताया कि ऑडीओलोजिस्ट कम स्पीच थेरेपिसट की ओर से शिविर में प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक मूल्यांकन एवं मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में 31 बच्चों को परामर्श दिया गया। शिविर में हकलाना (स्टैमरिंग) तुतलाना एवं स्पष्ट शब्द नहीं बोल पाना सुनने में अक्षम बच्चों को





भाषाई समस्याओं से संबंधित भाषा को समझकर उचित प्रतिक्रिया देने में अक्षम, किसी दवा के दुष्प्रभाव या अन्य कारण के चलते आवाज से जुड़ी समस्याओं के सम्बंध में निशुल्क परामर्श दिया।

## बच्चों को दिए खिलौने

शिविर में गोपालराज बाफना, प्रधानाचार्य बसंतकुमार परिहार, परेश बाफना एवं नेहा अरविंद अपूर्वा ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को आवश्यकता अनुसार खिलौने भी भेंट किए। शिविर में मितेश मेहता, विनीत मेहता, नीरज पारख, वैभव भंडारी, मयंक भाटी, हितेश मादड़ी, अल्ताफ़ हुसैन, अंकित मरलेचा, खुशहाल जैन समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पाली भास्कर 05-10-2021

# निशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर 10 को

**पाली** | स्वावलंबन फाउंडेशन के तत्वावधान में 10 अक्टूबर को 10 से 2 बजे तक स्थानीय फादर्स चिल्ड्रन स्कूल, आदर्श नगर में निशुल्क होम्योपैथी शिविर का आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन के अक्षत लोढ़ा ने बताया कि शिविर में डॉ. तस्लीम खान एवं डॉ. अमित भास्कर सेवाएं देंगे। शिविर में अस्थमा, त्वचा से संबंधित, पथरी, गैस से सम्बंधित, महिलाओं से संबंधित, थायराइड, जोड़ों का दर्द, बालों सहित विभिन्न बीमारियों का निशुल्क परामर्श एवं दवाई दी जाएगी। शिविर की तैयारी में हेमंत वागोरिया, वैभव सोनी, मयंक भाटी, तरुण राजपुरोहित, खुशहाल जैन, अल्ताफ हुसैन, लिनेश जालोरी, जयेश लोढ़ा व तन्मय जैन जुटे हैं।

# होम्योपैथी शिविर में मिला परामर्श

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com




पाली . स्वावलम्बन फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को फादर्स चिल्ड्रन स्कूल आदर्श नगर में निशुल्क होम्योपैथी शिविर का आयोजन किया गया। अक्षत लोढ़ा ने बताया कि शिविर में डॉ. तस्लीम खान, डॉ. अमित भास्कर, डॉ. ऋषि शर्मा, डॉ. लवली माथुर ने सेवाएं दी। शिविर में अस्थमा, त्वचा से संबंधित, पथरी, गैस से सम्बंधित, महिलाओं से संबंधित, थायराइड, जोड़ों का दर्द, बालों से संबंधित सहित अन्य बीमारियों के 67 मरीजों को निशुल्क परामर्श देकर दवाइयां दी। शिविर में हेमंत वागोरिया, प्रदीप दवे, वैभव भंडारी, वैभव सोनी, तन्मय जैन, खुशहाल जैन, लिनेश जालोरी, अल्ताफ़ हुसैन, मृगांक परमार, विनय गौड़, राकेश सिंघवी, आशीष जैन, विपुल दवे,दीपक, सूरज आदि मौजूद रहे।

CS Scanned with CamScanner

**वैक्सीनेशन** दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन

# 93 दिव्यांगजनों को लगाई कोरोना वैक्सीन

नवज्योति/पाली।

जिला प्रशासन के तत्वावधान में स्वावलम्बन फाउंडेशन एवं अपना घर के सहयोग से सोमवार को दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। अपना घर के अध्यक्ष अमरचंद बोहरा ने बताया कि विशेष शिविर में 93 जनों को वैक्सीन लगवाई गई, जिसमें अपना घर आश्रम के प्रभु, मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह रामसिया, दिव्यांग सेवा संस्थान द्वारा संचालित दिव्यांग एवं निराश्रित पुनर्वास आश्रम, हाउसिंग बोर्ड में निवासरत सहित अन्य दिव्यांगजनों को वैक्सीन की पहली डोज लगवाई गई।



फाउंडेशन के अंकित मरलेचा ने बताया की संस्था की ओर से दिव्यांगजनों के आने-जाने की व्यवस्था की गई। इसके लिए वाहनों को लगाया गया। शिविर में वहीलचेयर-ट्राइसाइकल पर ही दिव्यांगजनों को वैक्सीन लगवाई गई। शिविर में वैक्सीनेशन में प्रशासन की ओर से अर्पिता वैष्णव, रतन सिंह राजपुरोहित, ताराचंद सेजू, हुलकी का सहयोग रहा।

शिविर में अपना घर के अध्यक्ष अमरचंद बोहरा, सचिव राजेंद्र मेहता, अमरचंद बलोटा, ओमप्रकाश सोलंकी, जेठमल नाहर, विकास मुथा, रमेश सांड, फाउंडेशन के वैभव भंडारी, मयंक भाटी, तरुण राजपुरोहित, वैभव सोनी, तन्मय जैन, अक्षत लोढ़ा, विनय गादिया, दीपक सोनी, अल्ताफ हुसैन, लिनेश जालोरी व अंकित मरलेचा भी मौजूद रहे।

# ट्राई साइकिल पर बैठकर खुशी से दमके 11 दिव्यांगों के चेहरे

**भास्कर संवाददाता** | पाली



**पाली** | दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरण कार्यक्रम में अतिथि को सेवाकार्यों से अवगत कराते डॉ. भंडारी।

दिव्यांगों के लिए सेवा कार्य में लंबे अरसे से जुटे स्वावलंबन फाउंडेशन के खाते में एक और खुशी जुड़ गई। गुरुवार को संस्थान द्वारा 11 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। धानमंडी स्थित स्वावलंबन प्रशिक्षण एवं पुनर्वास केंद्र पर जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, व्यवसायी कमलेश गुगलिया सत्कार, सुशील हिंगड, रमेश मेहता के आतिथ्य में ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से आए दिव्यांगों के चेहरे ट्राई साइकिल पाकर खुशी से दम उठे। फाउंडेशन के वैभव सोनी ने बताया कि एसपी राजन दुष्यंत ने फाउंडेशन के द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए अब तक किए गये कार्यों की प्रशंसा की। शिविर में आए सभी दिव्यांगजनों को माला पहनाकर ट्राई साइकल भेंट की गई। व्यवसायी कमलेश सत्कार ने दिव्यांगजनों की सेवा को सबसे पुनीत कार्य बताया। समाज में समान भागीदारी एवं समान अवसर के लिए दिव्यांगजनों के हित में तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। डॉ. वैभव भंडारी ने संगठन की आगामी रणनीति से अवगत कराते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के लिए फाउंडेशन की टीम प्लानिंग के साथ काम कर रही है। सहायता करने की बजाय उनको स्वावलंबी बनाकर समाज की मुख्यधारा जोड़ना ही सच्ची सेवा है। शिविर में परेश बाफना, मितेश मेहता, विनीत मेहता, तन्मय जैन, जयेश लोढ़ा, पंकज शर्मा, खुशहाल जैन, मयंक भाटी, मोंटू डागा, दीपक सोनी, लिनेश जालोरी, अंकित मरलेचा, दीपक परिहार, पवन सोनी, चेतन सेठिया, सम्पत पारख सहित फाउंडेशन की पूरी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों में बांटे खिलौने



**पाली @ पत्रिका** . समग्र शिक्षा अभियान के तहत रोहट ब्लॉक की अभिभावक परामर्शदात्री कार्यक्रम के तहत स्वावलम्बन फाउंडेशन की ओर से संचालित टॉय ड्राइव के तहत 55 दिव्यांग बच्चों को खिलौने दिए गए। एपीसी विनोद कुमार पन्नू, कार्यक्रम अधिकारी तेज सिंह पंवार, नीना शर्मा, नरपत सिंह राजपुरोहित, गजेंद्र सिंह आदि ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। खिलौने अंकित मरलेचा की ओर से दिए गए। स्वावलम्बन फाउंडेशन के तरुण राजपुरोहित ने बताया कि फाउंडेशन अब तक करीब 300 से अधिक बच्चों को खिलौने दे चुका है। इसमें मितेश मेहता, विनीत मेहता, वैभव भंडारी, मयंक भाटी, अक्षत लोढ़ा, वैभव सोनी, अंकित मरलेचा, लिनेश आदि ने सहयोग किया।

**स्वावलंबन पहल** • पाली, जालोर, सिरोही के मानसिक कमजोर दिव्यांग बच्चों के लिए स्वावलंबन फाउंडेशन की पहल, पहली बार पाली के धानमंडी में तैयार करवाया केंद्र, बच्चों को शिक्षित करने के साथ उन्हें सामान्य बच्चों की तरह जीवन जीने के सिखाएंगे तौर तरीके

# मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के भी अब पूरे होंगे सपने, शिक्षित होंगे, कौशल सीखेंगे व खुद का व्यवसाय भी करेंगे

भास्कर संवाददाता | पाली

मानसिक रूप से कमजोर बच्चे अब अपने माता-पिता का सपना पूरा कर सकेंगे। वे सामान्य बच्चों की तरह शिक्षित होंगे। कौशल प्रबंधन सीखकर खुद का व्यवसाय भी कर सकेंगे। मानसिक कमजोरी के चलते योग्यताओं से दूर रहे इन बच्चों को सहयोग और तकनीक के साथ समर्थ बनाने की पहल पाली के स्वावलंबन फाउण्डेशन ने की है। इसके लिए शहर में एक केंद्र तैयार किया है, जहां ऐसे ही बच्चों को शिक्षित करने और उनमें कौशल प्रबंधन के गुर सिखाने के साथ ही खुद का व्यवसाय भी करवाकर वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। शहर के धानमंडी परिसर में स्वावलंबन फाउंडेशन की ओर से शुरू होने वाले इस केंद्र में मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के जीवन में नया उल्लास लाने और उन्हें सेल्फ डिपेंडेंट बनाएगा। खास बात यह कि उनमें हर काम को करने के लिए आत्मविश्वास जागृत करने के लिए नवाचार पाली जिले में स्वावलंबन फाउंडेशन कर रहा है। केंद्र पर बच्चों को बोलने-सीखने से लेकर रोजमर्रा के कामों कुशलता से करना सिखाया जाएगा। केंद्र के नवीनीकरण में पहले सदस्यों से स्वयं आर्थिक सहयोग करके कार्य प्रारंभ किया है। सदस्यों ने अपने स्तर 7 लाख रुपए एकत्रित कर केंद्र का नवीनीकरण करवाया गया है। इस कार्य में फाउंडेशन के विनीत मेहता, मितेश मेहता, परेश बाफना, वैभव सोनी, तन्मय जैन, जयेश लोढ़ा, पंकज शर्मा, नीरज पारख, मुकेश नाहर, अक्षत लोढ़ा, अंकित मरलेचा, दीपक सोनी, तरुण राजपुरोहित, मयंक भाटी व अल्ताफ हुसैन आदि जुटे हैं।

## केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा से लेकर दिनचर्या व खेलकूद भी शामिल

केंद्र में ऐसे दिव्यांग बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर दैनिक दिनचर्या, खेलकूद के साथ-साथ विभिन्न उपकरणों का इस्तेमाल करना भी सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ-साथ इनमें प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। इससे इन निराश मासूम बच्चों में सार्थक और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का भाव भी विकसित होगा।

### तनाव रहित करेंगे, तकनीक से जोड़ेंगे

पहले चरण में बच्चों को विशेष बच्चों को मानसिक तौर पर तनाव रहित करने के लिए प्रयास होगा। इसके बाद इन बच्चों को देश-प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ तकनीक के माध्यम कंप्यूटर से लेकर स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। फाउंडेशन के विनीत मेहता ने बताया कि जल्द ही इसका शुभारंभ भी किया जाएगा।



पाली. स्वावलंबन फाउंडेशन द्वारा तैयार किया जा रहा केंद्र।

### ये हो सकेंगे शामिल

केंद्र में दो से दस वर्ष की आयु वर्ग के ऐसे बच्चों को शामिल किया जाएगा, जिनका मानसिक स्तर सामान्य से कम है। इनके विकास के लिए पूर्व-शैक्षिक कौशल, बातचीत करने, व्यवहार और संज्ञानात्मक कौशल विकसित करने के लिए सामान्य प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### केंद्र के जरिए ये भी काम होंगे

- **रोजगार से जोड़ेंगे दिव्यांगों को :** इस केंद्र में दिव्यांगों के लिए कंप्यूटर व व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। डिजिटल साक्षरता द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उनको आधुनिकता से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से कंप्यूटर प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जाता है। इसमें अकाउंटिंग, ग्राफिक्स-डिजाइनिंग, वेब डेवलपमेंट जैसे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि उनको घर पर ही रोजगार मिल सके।
- **थैरेपी तथा मेडिकल असिस्टेंस भी :** कुछ बच्चे ऐसे होते हैं जिनकी समस्या मेडिकल असिस्टेंस और थैरेपी से सुधारी जा सकती है। जिन बच्चों के अंग कमजोर होते हैं, उन्हें थैरेपी और चिकित्सा सहायता से संबल प्रदान करने की दिशा में भी काम होगा।

### दिव्यांगों के लिए स्वावलंबन फाउंडेशन का सामाजिक सरोकार

- दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण निशुल्क दिए जाते हैं।
- सरकारी योजनाओं के लाभ दिलवाना।
- रक्तदान शिविरों का आयोजन।
- दिव्यांग बच्चों के लिए बाल मेले का आयोजन।
- बैसाखी, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर एवं कृत्रिम अंग सहित अन्य उपकरण निशुल्क उपलब्ध।
- दिव्यांग्ता प्रमाण पत्र बनाने, रेलवे कार्ड, बस पास की सुविधा।
- लाइलाज बीमारियों के मरीजों को योजनाओं का लाभ दिलवाने में सहायता प्रदान करना।


Regd. No. : 2018/PALI/100316
RPWD Regd. No. : 214/2021
स्वावलम्बन फाउण्डेशन
द्वारा संचालित
मानसिक रुप से कमजोर बच्चों के लिए विशेष विद्यालय
सम्पर्क : 72300 02627
ईमेल : info.swavlamban@gmail.com
समय
प्रातः 9 से 12 बजे


स्वावलंम्बन प्रशिक्षण पुनर्वास केन्द्र
स्वावलम्बन फाउण्डेशन
द्वारा संचालित
मानसिक रुप से कमजोर बच्चों के लिए विशेष विद्यालय
सम्पर्क : 72300 02627
ईमेल : info.swavlamban@gmail.com
समय
प्रातः 9 से 12 बजे






SENSORY LEARNING WALL PANEL













**Special School For Mentally Challnaged Children's, Managed By Swavlamban Foundation**

| No. | Name | Father Name | Address | DOB | AADAR NO. | Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BHAVYA BHANDARI | ARVIND BHANDARI | 7, RUI KATLA, PALI | 11-11-2010 | Not Available | CP |
| 2 | MOHMMAD MOIN | MOHMMAD YUSUF | 204, NAIYO KI GALI, JANGIWARA, PALI | 15-10-2015 | 246212875878 | Autism |
| 3 | VINIT CHARNAL | CHANDRA SEKHAR | 61, HARIJAN BASTI, SURAJ POLE, PALI | 22-06-2010 | 730320921311 | CP |
| 4 | AADITYA SONI | DINESH SONI | 23, BIKANERIYA KA BAS, NEAR MOTI CHOWK PALI | 10-12-2014 | 768545364914 | Autism |
| 5 | DEEPIKA RAJPUROHIT | LAXMI NARAYAN | 80, SINDHI COLONY, PALI | 30-11-1995 | 381006772727 | Mental Retd. |
| 6 | HARSH SHIVNANI | KISHORE KUMAR | 100, SINDHI COLONY, PALI | 12-07-2006 | 343355434450 | CP |
| 7 | KARTIK KUMAWAT | GOPI KISHAN KUMAWAT | CHANDAK MARKET, GULJAR CHOWK, PALI | 13-09-2017 | Not Available | Autism |
| 8 | VIHANSHI | HEERA LAL | TIRUPATI COLONY, NAYA GOAN ROAD, PALI | 16-11-2016 | 740439998942 | Down Syn. |
| 9 | SHIV BHATI | BHARAT BHATI | RAM NAGAR FEN JI MAWA PAL BALAJI ROAD PALI | 19-2-2018 | Not Available | Autism |
| 10 | MOIN ALI | ASIF IKBAL | 24, JUMMA MASJID ROAD, PALI | 04-07-2013 | 988880175039 | Autism |